**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3120**
**उत्तर देने की तारीख 19 मार्च, 2025**

**भारतनेट परियोजना का कार्यान्वयन**

**3120. श्री पी. वी. मिधुन रेड्डी:**

क्या ***संचार*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ग्रामीण क्षेत्रों में त्वरित इंटरनेट उपलब्ध कराने के लिए भारतनेट योजना के परिव्यय में वृद्धि करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार की अनुसूचित क्षेत्रों के लिए कोई विशिष्ट कार्यक्रम शुरू करने की योजना है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार की सभी क्षेत्रों में भारतनेट के माध्यम से 5जी कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने की कोई योजना है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

(क) से (घ) जी, हां। सरकार ने अनुसूचित क्षेत्रों सहित सभी ग्राम पंचायतों (जीपी) को रिंग टोपोलॉजी में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए संशोधित भारतनेट कार्यक्रम हेतु अनुमोदन प्रदान किया है। इस कार्यक्रम में सभी गैर-ग्राम पंचायत गांवों के लिए मांग के आधार पर कनेक्टिविटी का प्रावधान भी किया गया है।

(ड.) और (च) भारतनेट के उपयोग में मोबाइल टावरों का फाइबरीकरण शामिल है तथा प्रौद्योगिकी का चयन तकनीकी-वाणिज्यिक प्रतिफल के आधार पर दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) द्वारा किया जाता है।

*****